राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक : परीक्षा 5–ब / परीक्षा–2026 / दिनांक:

प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना
स्नातकोत्तर द्वितीय (नियमित / स्वयंपाठी) / चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित) परीक्षा जून, 2026

सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर परीक्षाएँ दिनांक 08 जून, 2026 से प्रारम्भ हो रही हैं। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र वेबसाईट www.univraj.org पर परीक्षा तिथि से तीन दिवस पूर्व डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होवें।

परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र महाविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित होने के पश्चात् यूजर आई.डी. व पासवर्ड के द्वारा वेबसाईट www.univraj.org से परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दो प्रतियों में डाउनलोड़ करने होगें, अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं होंगे। दोनों प्रवेश पत्रों में निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी का फोटो उपलब्ध होना अनिवार्य है। फोटो न होने के स्थिति में अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो प्रवेश पत्र पर लगाकर संबंधित प्राचार्य से प्रमाणित करवाकर ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों। साथ ही प्रवेश पत्र डाउनलोड होने के पश्चात् परीक्षार्थी अपना व्यक्तिगत विवरण यथा– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, परीक्षा का माध्यम इत्यादि का मिलान बोर्ड / विश्वविद्यालय के रिकार्ड के अनुसार आवश्यक रूप से करें। परीक्षा में सम्मिलित होने की योग्यता एवं विषयों के चयन में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर उसे सही करवाने हेतु नियमित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय से प्रार्थना पत्र अग्रेषित करवाकर तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थी आवेदन पत्र मय आवश्यक दस्तावेज के साथ, परीक्षा प्रारम्भ की तिथि से तीन दिवस पूर्व तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में निम्नानुसार सम्पर्क करें:

1.	नामांकन आवेदन पत्र	कमरा नं. 118
2.	स्नातकोत्तर कला / विज्ञान / वाणिज्य संकाय	कमरा नं. 127

आवश्यक निर्देश

1. महाविद्यालय / विभाग के स्तर पर सतत् मूल्यांकन एवं उपस्थिति जांच के उपरांत ऑनलाईन माध्यम से अग्रेषित परीक्षा आवेदन पत्रों के ही प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं। इसके अतिरिक्त तकनीकी रूप से कोई प्रवेश पत्र जारी हुआ है तो उसके बारे में सूचित करें।
2. प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होने पर परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन की प्रति महाविद्यालय से अग्रेषित करवाकर, सतत् मूल्यांकन में योग्यता पूर्णता प्रमाण एवं पूर्व में दी गयी सभी परीक्षाओं की अंकतालिकाओं की प्रतियों सहित विश्वविद्यालय में परीक्षा अनुभाग की संबंधित खिड़की पर सम्पर्क करें।
3. परीक्षार्थी परीक्षा संबंधी आगामी सूचनाओं के लिए वेबसाईट www.univraj.org एवं www.uniraj.ac.in का नियमित अवलोकन करते रहें।
4. प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु बाह्य परीक्षकों का पैनल शीघ्र ही महाविद्यालयों के पोर्टल पर उपलब्ध होगे। समस्त विभागाध्यक्षों / प्राचार्यो / निदेशकों को निर्देशित किया जाता है कि स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजन की तैयारी प्रारम्भ करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा 5–ब / परीक्षा–2026 / 2016 - 2027 दिनांक: 3.6.2026

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त प्राचार्य / केन्द्राधीक्षक / निदेशक, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय / विभाग / पी.जी स्कूल्स, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि:–
"माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र / छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, सम्बन्धित प्राचार्य कम उपस्थिति वाले छात्रों की सूची रोल नम्बर सहित संबंधित परीक्षा केन्द्राधीक्षक को भेजें, ताकि ऐसे छात्र परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकें। अन्यथा समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।"
2. समस्त प्राचार्य, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को सूचित कर लेख है कि महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों के डाटा का विश्वविद्यालय के ऑनलाईन डाटा से मिलान करें एवं किसी प्रकार की त्रुटि है तो परीक्षा से पूर्व विश्वविद्यालय रिकार्ड में दुरस्त करावें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को समाचार के रूप में दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
6. निदेशक, छात्र सूचना एवं सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. उप कुलसचिव, संचालन शाखा / गोपनीय शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. वरिष्ठ निजी सचिव–कुलगरु / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. सहायक कुलसचिव / अनुभागाधिकारी, संचालन शाखा / गोपनीय शाखा / विविध शाखा / छात्र सूचना केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
10. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित सूचना महाविद्यालयों के परीक्षा पोर्टल एवं ई–मेल आई.डी. पर भिजवाने का श्रम करें। साथ ही स्नातकोत्तर द्वितीय (नियमित / स्वयंपाठी) / चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून, 2026 (नियमित) में प्रविष्ठ होने वाले ऐसे विद्यार्थी जिनके आंतरिक मूल्यांकन (C.A.) के अंक किसी भी पेपर में न्यूनत्तम अंक (द्वितीय सेमेस्टर के न्यूनतम अंक–40 प्रतिशत एवं चतुर्थ सेमेस्टर के न्यूनतम अंक–25 प्रतिशत) से कम है तो ऐसे पेपर को प्रवेश–पत्र में जारी नहीं किया जावे।

सहायक कुलसचिव
(परीक्षा 5–ब)